बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## साक्षात्कार कार्यक्रम एवं विस्तृत निदेश

विज्ञापन संख्या – 65/2020 के तहत सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

| दिन एवं दिनांक | प्रथम पाली (समयः 10:30 बजे पूर्वाह्न से) | द्वितीय पाली (समयः 2:30 बजे अपराह्न से) |
|---|---|---|
| | उम्मीदवारों का अनुक्रमांक | उम्मीदवारों का अनुक्रमांक |
| शुक्रवार 16.01.2026 | 650028, 650067, 650130, 650169, 650213, 650308, 650320, 650330, 650335, 650353, 650446 | 650489, 650500, 650508, 650558, 650570, 650603, 650666, 650674, 650681, 650686, 650696 |

2. उपर्युक्त सभी उम्मीदवारों के साक्षात्कार पत्र साक्षात्कार के प्रारम्भ होने की तिथि के पूर्व से आयोग के वेबसाईट https://bpsc.bihar.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे, जिसे उम्मीदवार अपना अनुक्रमांक (Roll No.) डालकर डाउनलोड कर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। **साक्षात्कार पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।**
3. **सभी उम्मीदवार साक्षात्कार के दिन प्रकाशित विज्ञापन की शर्त्तों के अनुरूप अपने ऑनलाईन आवेदन में योग्यता सम्बन्धी दावे/सूचना से सम्बन्धित आवश्यक मूल (Original) प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं इन सभी की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतियाँ निम्नांकित क्रमानुसार दो सेट (अलग–अलग) में भी लाना अनिवार्य होगा। वांछित प्रमाण पत्र/कागजात प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।**
4. साक्षात्कार के लिए बुलाए जा रहे उम्मीदवारों की अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से उनकी अभ्यर्थिता/अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। साक्षात्कार के समय या उसके बाद उनकी अभ्यर्थिता/अर्हता पर यथास्थिति एवं यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।
5. संबंधित उम्मीदवार उक्त साक्षात्कार कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होंगे।
6. लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने के पश्चात् साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों को साक्षात्कार में भाग लेना अनिवार्य है, अन्यथा वे अन्तिम परीक्षाफल हेतु तैयार की जानेवाली मेधा सूची में शामिल नहीं किये जायेंगे।
7. साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों को मोबाइल, ब्लूटूथ, वाई–फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, Wrist Watch (सामान्य/Smart) इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री आयोग परिसर में लाना वर्जित है।
8. **साक्षात्कार में उपस्थित उम्मीदवारों के अभिभावक, मित्र इत्यादि का प्रवेश आयोग परिसर में वर्जित रहेगा।**

6/1/26

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना